Maharashtra Board Solutions for Class 6- Hindi Sulabhbharati (Part 2): Chapter 8- टीटू और चिंकी

For any clarifications or questions you can write to **info@indcareer.com**

Postal Address

IndCareer.com, 52, Shilpa Nagar, Somalwada Nagpur - 440015
Maharashtra, India

WhatsApp: +91 9561 204 888, **Website:** https://www.indcareer.com

https://www.indcareer.com/schools/maharashtra-board-solutions-for-class-6-hindi-sulabhbharati-part-2-chapter-8-titu-aur-chinki/

Maharashtra Board Solutions for Class 6- Hindi Sulabhbharati (Part 2): Chapter 8- टीटू और चिंकी

Class 6: Hindi Sulabhbharati Chapter 8 solutions. Complete Class 6 Hindi Sulabhbharati Chapter 8 Notes.

Maharashtra Board Solutions for Class 6- Hindi Sulabhbharati (Part 2): Chapter 8- टीटू और चिंकी

Maharashtra Board 6th Hindi Sulabhbharati Chapter 8, Class 6 Hindi Sulabhbharati Chapter 8 solutions

Questions and Answers

मैं कौनः

चित्रों के आधार पर वाक्य बनाओ। (काल्पनिक लेखन)

Answer:

https://www.indcareer.com/schools/maharashtra-board-solutions-for-class-6-hindi-sulabhbharati-part-2-chapter-7-kagaz-ki-thaili/

पहले चित्र – के आधार पर दो चिड़ियाँ आसमान में उड़ रही हैं। आसमान में बादल छाए हैं। नीचे सुंदर फूल खिले हैं। चित्र में एक छोटा घर भी दिखाई दे रहा है।

दूसरा चित्र – दूसरे चित्र में एक पेड़ दिखाई पड़ रहा है। पेड़ के ऊपर एक चिड़िया उड़ रही है। पीछे पहाड़ दिख रहा है। पेड़ के पास कुछ फूल खिले हैं।

तीसरा चित्र – तीसरे चित्र में पहाड़ के पीछे उगता सूर्य दिख रहा है। चित्र में एक घिसकनी (फिसलपट्टी) है। बच्चे उस पर फिसलकर खेल रहे हैं।

खोजबीनः

विलुप्त होते हुए प्राणियों तथा पक्षियों की जानकारी प्राप्त करके सूची बनाओ। (परियोजना-कार्य)

Answer:



चीता आजकल अफ्रीका के पर्वतीय प्रदेशों में २३५ बचे हैं।

१४११ बाघ बचे हैं।

गिर वन में ४११ शेर बचे हैं।

सारस काली गर्दन वाला अत्यंत दुर्लभ प्राणि है।

तीतर संकट मैं हैं।

गिद्ध९७ से ९९% तक कम हो गए हैं।

हिम तेदुंआ इनकी संख्या में भारी कमी आई है।

लाल पांडा वृक्षों पर रहने वाला पूर्वी हिमालय का स्तनपायी जीव

सुनहरा लंगूर ब्रह्म पुत्र नदी के आस-पास पाया जाता है, जिसकी संख्या तेज़ी से घट रही है।


हाथी जंगलों में केवल २६००० हज़ार हाथी बचे है।

एक सिंग वाला एशियाई गेंडा आज जंगलों में २१०० गेंडे बचे हैं।


दलदली क्षेत्र का हिरण यह हिरण भारत और नेपाल में पाया जाता है, जिसकी संख्या घट रही है।

विचार मंथन*:*

जीवदया ही धर्म है। (अनुच्छेद लेखन)

Answer:

दया धर्म का मूल है। जीव मात्र पर दया करना सबसे बड़ा धर्म है। गाँधी जी के प्रिय भजन में भी इसका उल्लेख है। वैष्णव जन तो तेने कहिए, जे पीर पराई जाने रे। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है – 'समोहम सर्व भूतेषु।' अर्थात मैं सभी सभी प्राणियों में समत्व भाव रखता हूँ। अत: सभी जीवों पर दया करना ही सभी प्राणियों पर दया करना है।

सुनो तो जरा*:*

विभिन्न पशु पक्षियों की बोलियों की नकल सुनाओ:

Answer:

- गाया – मां …….मां ………
- कुत्ता – भों…… भो…….
- बिल्ली – म्याऊँ……. म्याऊँ..
- बकरी – में…… में……..
- घोड़ा – हिं… हि… हिं…
- कोयल – कु… कू… कू…
- कौआ – काँव… काँव…
- चिड़िया – चिं चि चि ….

बताओ तो सही*:*

अपने साथ घटित कोई मज़ेदार घटना बताओ? (कहानी लेखन)

Answer:

एक दिन मेरे विद्यालय में अन्तर विद्यालयीय क्रिकेट मैच था। मेरा विद्यालय फाइनल में पहुँच चुका था। फाइनल मैच से पहले ही मेरे एक मित्र को अभ्यास करते समय चोट लग गई और मुझे फाइनल मैच में खेलने का अवसर मिल गया। मैं ओपनिंग में गया और आखिर तक टिका रहा और मेरा विद्यालय मैच जीत गया। मुझे बहुत मज़ा आया।

वाचन जगत से*:*

उपन्यास सम्राट प्रेम-चंद की कोई एक कहानी पढ़ो। उसका विषय बताओ?

Answer:

मैंने प्रेमचंद की एक कहानी पढ़ी, जिसका नाम था – बड़े भाई साहब। इसमें बड़े भाई साहब और उनका छोटा भाई छात्रावास में रहते हैं। दोनों में दो साल का अंतर रहता है। बड़े भाई खूब पढ़ते हैं और छोटा भाई खूब खेलता-कूदता है। फिर भी बड़े भाई नौवी में दो बार फेल हो जाते हैं और छोटा भाई उनकी कक्षा में उनकी बराबरी पर आ जाता है।

मेरी कलम से*:*

'बाघ बचाओ परियोजना' के बारे में जानकारी प्राप्त कर लिखो। (निबंध लेखन)

Answer:

सिंह, बाघ और चीता एक ही प्रजाति के जीव माने जाते हैं। इनकी नस्ल अब समाप्ति की तरफ बढ़ रही है। वर्तमान में १४११बाघ बचे हैं. इसलिए आजकल 'बाघ बचाओ का नारा' अनेक बार सामने आ रहा है। बाघ संविधान द्वारा संरक्षित क्षेत्रों में ही पाए जाते हैं। समाचार माध्यमों के अनुसार अनेक शिकारी अवैध रूप से वहाँ प्रवेश कर उनका शिकार करते हैं। दरअसल यह संकट वनों के सिकुड़ते दायरे की वजह से पैदा हुआ है।

जरा सोचो*....* लिखो*:*

'यदि प्राणी नहीं होते तो......' (काल्पनिक लेखन)

Answer:

यदि प्राणी नहीं होते तो प्रकृति असंतुलित हो जाती। ईश्वर ने प्रकृति को संतुलित रखने के लिए विभिन्न प्राणियों को बनाया है। उनका भोजन भी इसी को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया है। यह धरती घास और पेड़-पौधों से संतुलित रहे, इसके लिए कुछ प्राणियों को शाकाहारी बनाया और यह धरती प्राणियों से संतुलित रहे, इसलिए कुछ को मांसाहारी बनाया। मनुष्य सभी प्राणियों में समझदार और शक्तिशाली है। उसने अपने निहित स्वार्थ के लिए ईश्वर की इस व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा करना शुरू कर दिया है। यह अनुचित है। यहाँ सभी प्राणियों की उपयोगिता है।

स्वबं अध्ययनः

‘डिस्कवरी चैनल’ पर दिखाए जाने वाले किसी अनोखे जीव की जानकारी प्राप्त करो।

Answer:

‘डायनासोर’ जिसका अर्थ यूनानी भाषा में बड़ी छिपकली होता है। लगभग १६ करोड़ वर्ष तक पृथ्वी के सबसे प्रमुख स्थलीय कशेरूकी जीव थे। हिंदी में डायनासोर शब्द का अनुवाद भीमसरट है, जिसका संस्कृत में अर्थ भयानक छिपकली है। इन पशुओं के विविध समूह थे। जीवाश्म विज्ञानियों ने डायनासोर के अब तक ५०० विभिन्न वंशों और १००० से अधिक प्रजातियों की पहचान की है और इनके अवशेष पृथ्वी के हर महाद्वीप पर पाए जाते हैं। कुछ डायनासोर शाकाहारी तो कुछ मांसाहारी थे। कुछ द्विपाद तो कुछ चौपाए थे। कुछ आवश्यकतानुसार द्विपाद या चतुर्पाद के रूप में अपने शरीर की मुद्रा को परिवर्तित कर लेते थे।

अध्ययन कौशल*:*

चित्रों को पहचानकर जलचर, नभचर, थलचर और उभयचर प्राणियों में वर्गीकरण करो।



Answer:

https://www.indcareer.com/schools/maharashtra-board-solutions-for-class-6-hindi-sulabhbharati-part-2-chapter-7-kagaz-ki-thaili/

- जलचरः मछली, मगरमच्छ, साँप, ऑक्टोपस
- थलचरः गिलहरी, शेर, ऊँट, चूहा
- नभचर: चिड़िया, तोता, उल्लू
- उभयचर: मेंढक, भैंस, हाथी, दरयाई घोड़ा

Additional Important Questions and Answers

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक शब्द में लिखिए*:*

Question 1.

गिलहरी का नाम क्या था?

Answer:

टीटू।

Question 2.

टीटू की पड़ोसिन कौन थी?

Answer:

चिकी।

Question 3.

साँप कहाँ रहता था।

Answer:

बिल में।

Question 4.

साँप बिल से निकलकर कहाँ चढ़ने लगा?

उत्तरः

पेड़ पर।

Question 5.

टीटू और चिंकी के बच्चों ने किसकी ताकत को देख लिया था?

Answer:

एकता की।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए:

Question 1.

चिंकी का घोंसला कहाँ था?

Answer:

चिंकी का घोंसला पेड़ की शाखाओं पर था।

Question 2.

चिंकी जब दाना चुगने जाती, तब सभी बच्चो का ध्यान कौन रखता था?

Answer:

चिंकी जब दाना चुगने जाती, तब सभी बच्चों का ध्यान टीटू रखती थी।

Question 3.

अंत में पेड़ छोड़ने का मन में विचार किसने बना लिया?

Answer:

अंत में पेड़ छोड़ने का मन में विचार टीटू और चिकी ने बना लिया।

Question 4.

टीटू के बच्चों का क्या कहना था?

Answer:

टीटू के बच्चों का कहना था कि पेड़ उनका है।

Question 5.

साँप का पेड़ पर चढ़ना मुश्किल क्यों होने लगा?

Answer:

साँप का पेड़ पर चढ़ना मुश्किल होने लगा, क्योंकि जहाँ – जहाँ चिंकी ने चोंच मारी, वहाँ-वहाँ पेड़ से गाढ़ा चिपचिपा दूध बहने लगा।

कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

(भाड़, मिलजुलकर, खोखल, गिलहरी, बसेरा).

Question 1.

हमें …………….. रहना चाहिए।

Answer:

मिलजुलकर

Question 2.

हमारा जन्म इसी ……………… में हुआ।

Answer:

खोखल

Question 3.

इसकी टहनियों पर हमारा ……………… है।

Answer:

बसेरा

Question 4.

टीटू ……………… यह सुन बड़ी परेशान हुई।

Answer:

गिलहरी

Question 5.

अकेला चना ……………… नहीं फोड़ सकता।

Answer:

भाड़

निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही / अथवा गलत का निशान लगाइए:

Question 1.

टीटू के बच्चे का नाम मिंटू था।

Answer:

सही

Question 2.

चिंकी खोखल में रहती थी।

Answer:

गलत

Question 3.

रिंकी की माँ चिंकी थी।

Answer:

सही

Question 4.

डर के मारे चिंकी नाचने लगी।

Answer:

गलत

Question 5.

टीटू गिलहरी बिल में छिप तमाशा देख रही थी।

Answer:

गलत

किसने, किससे कहा?

Question 1.

“तुम कैसे कह सकते हो कि यह पेड़ तुम्हारा है?”

Answer:

रिंकी ने मिंटू से कहा।

Question 2.

“शाखाएँ हमारी तो फल भी हमारे।”

Answer:

टीटू के बच्चों ने रिंकी से का।

Question 3.

“सावधान टीटू बहन, साँप ऊपर आ रहा है।”

Answer:

चिंकी ने टीटू से कहा।

Question 4.

“हम तुम्हें टहनियों तक नहीं आने देंगे और न ही इसके फल खाने देंगे।”

Answer:

चिंकी के बच्चों ने टीटू के बच्चों से कहा।

Question 5.

“चिंकी चिड़िया को यह पेड़ छोड़ना होगा।”

Answer:

टीटू के बच्चों ने चिंकी के बच्चों से कहा।

व्याकरण और भाषाभ्यास:

विरामचिह्न रहित अनुच्छेद में विरामचिह्न लगाओ

(, / ! / । / ? / - / – / ‘ ’ / “ ”)

काबुलीवाले ने पूछा बिटिया अब कौन सी चूड़ियाँ चाहिए मैंने अपनी गुड़िया दिखाकर कहा मेरी गुड़िया के लिए अच्छी सी चूड़ियाँ दे दो जैसे लाल नीली पीली

Answer:

काबुलीवाले ने पूछा- बिटिया ! अब कौन-सी चूड़ियाँ चाहिए? मैंने अपनी गुड़िया दिखाकर कहा, “मेरी गुड़िया के लिए अच्छी-सी चूड़ियाँ दे दो। जैसे-लाल, नीली, पीली।”

उचित जोड़ियाँ मिलाइए:

(१)	अर्ध विराम	(क)	?
(२)	उद्धरण चिह्न	(ख)	-
(३)	योजक	(ग)	,
(४)	अल्प विराम	(घ)	“ ”
(५)	पूर्ण विराम	(ङ)	;
(६)	प्रश्नवाचक	(च)	।

Answer:

1. – ;

2. – “ ”

3. – –

4. – ,

5. – ।

6 – ?

निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन-रूप लिखिए:

1. शाखा
2. चिड़िया
3. घोंसला

4. बच्चा
5. हवा
6. अंडा
7. माता
8. साँस
9. चोंच
10. मुश्किल

Answer:

1. शाखाएँ
2. चिड़ियाँ
3. घोंसले
4. बच्चे
5. हवाएँ
6. अंडे
7. माताएँ
8. साँसें
9. चोंचें
10. मुश्किलें

निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए:

1. टहनियाँ
2. नीड़
3. आसमान
4. साँप
5. बसेरा

Answer:

1. शाखाएँ
2. घोंसला
3. आकाश
4. सर्प
5. घर

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:

1. डर
2. सुबह
3. जन्म

4. बच्चे
5. सावधान
6. अँधेरा
7. सुरक्षित
8. मुश्किल
9. नरम
10. धर्म

Answer:

1. निडर
2. शाम
3. मृत्यु
4. बूढ़े
5. असावधान
6. उजाला
7. असुरक्षित
8. आसान
9. कठोर
10. अधर्म

निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए:

1. साँप
2. पड़ोसी
3. बहन
4. माता

Answer:

1. साँपिन
2. पड़ोसिन
3. भाई
4. पिता

Maharashtra Board Solutions Class 6 Hindi

Part 1

- मेला
- Chapter 1- सैर
- Chapter 2- बसंती हवा
- Chapter 3- उपहार
- Chapter 5- (अ) आओ, आयु बताना सीखो, (ब) महाराष्ट्र की बेटी
- Chapter 6- मेरा अहोभाग्य
- Chapter 7- नदी कंधे पर
- Chapter 8- जन्मदिन
- Chapter 9- सोई मेरी छौना रे!
- स्वयं अध्ययन १
- पुनरावर्तन १

Part 2

- Chapter 1- उपयोग हमारे
- Chapter 2- तूफानों से क्या डरना
- Chapter 3- कठपुतली
- Chapter 4- सोना और लोहा
- Chapter 5- (अ) क्या तुम जान ते हो?, (ब) पहेलियाँ
- Chapter 6- स्वास्थ्य संपदा
- Chapter 7- कागज की थैली
- Chapter 8- टीटू और चिंकी
- Chapter 9- वह देश कौन-सा है?
- स्वयं अध्ययन २
- पुनरावर्तन २

About About Maharashtra State Board (MSBSHSE)

The Maharashtra State Board of Secondary and Higher Secondary Education or MSBSHSE (Marathi: महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक आणि उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडळ), is an **autonomous and statutory body established in 1965**. The board was amended in the year 1977 under the provisions of the Maharashtra Act No. 41 of 1965.

The Maharashtra State Board of Secondary & Higher Secondary Education (MSBSHSE), Pune is an independent body of the Maharashtra Government. There are more than 1.4 million students that appear in the examination every year. The Maha State Board conducts the board examination twice a year. This board conducts the examination for SSC and HSC.

The Maharashtra government established the Maharashtra State Bureau of Textbook Production and Curriculum Research, also commonly referred to as Ebalbharati, in 1967 to take up the responsibility of providing quality textbooks to students from all classes studying under the Maharashtra State Board. MSBHSE prepares and updates the curriculum to provide holistic development for students. It is designed to tackle the difficulty in understanding the concepts with simple language with simple illustrations. Every year around 10 lakh students are enrolled in schools that are affiliated with the Maharashtra State Board.

FAQs

Where do I get the Maharashtra State Board Books PDF For free download?

You can download the Maharashtra State Board Books from the eBalbharti official website, i.e. cart.ebalbharati.in or from this article.

Add image

How to Download Maharashtra State Board Books?

Students can get the Maharashtra Books for primary, secondary, and senior secondary classes from here. You can view or download the Maharashtra State Board Books from this page or from the official website for free of cost. Students can follow the detailed steps below to visit the official website and download the e-books for all subjects or a specific subject in different mediums.

Step 1: Visit the official website *ebalbharati.in*

Step 2: On the top of the screen, select "Download PDF textbooks"

Step 3: From the "Classes" section, select your class.

Step 4: From "Medium", select the medium suitable to you.

Step 5: All Maharashtra board books for class 11th will now be displayed on the right side.

Step 6: Click on the "Download" option to download the PDF book.

Who developed the Maharashtra State board books?

As of now, the MSCERT and Balbharti are responsible for the syllabus and textbooks of Classes 1 to 8, while Classes 9 and 10 are under the Maharashtra State Board of Secondary and Higher Secondary Education (MSBSHSE).

How many state boards are there in Maharashtra?

The Maharashtra State Board of Secondary & Higher Secondary Education, conducts the HSC and SSC Examinations in the state of Maharashtra through its nine Divisional Boards located at Pune, Mumbai, Aurangabad, Nasik, Kolhapur, Amravati, Latur, Nagpur and Ratnagiri.

About IndCareer

IndCareer.com is a leading developer of online career guidance resources for the Indian marketplace. Established in 2007, IndCareer.com is currently used by over thousands of institutions across India, including schools, employment agencies, libraries, colleges and universities.

IndCareer.com is designed to assist you in making the right career decision - a decision that meets your unique interests and personality.

For any clarifications or questions you can write to **info@indcareer.com**

Postal Address

IndCareer.com

52, Shilpa Nagar,

Somalwada

Nagpur - 440015

Maharashtra, India

WhatsApp: +91 9561 204 888

Website: https://www.indcareer.com